अपना सालासर वाला बाबा बड़ा दिलवाला

ये राज दिलो पे करता है सालासर हनुमान मेरा
भगतों की झोली भरता है मेंहदीपुर हनुमान मेरा
बजरंगबली के जैसा ना कोई देव मिलेगा
तुम जय श्री राम कहोगे,ये बेड़ा पार करेगा
अपना सालासर वाला,बाबा बड़ा दिलवाला
अपना मेंहदीपुर वाला ,बाबा बड़ा दिलवाला
बजरंगी..भगतों का रखवाला..मेरा बजरंग बाला
भगतों का रखवाला..

ये शिवजी का अवतारी बाबा बड़ा बलकारी
बाबा की महिमा सारे जग से न्यारी रे
जो भी शरण में आये उसको ये गले लगाये
चरणो में शीश झुकाये दुनिया सारी रे
जो माँगा है पाया है,जो शरण तेरी आया है
ये जग सारा बजरंगी सब तेरी ही माया है...माया है...माया है...
अपना सालासर वाला,बाबा बड़ा दिलवाला
बजरंगी..भगतों का रखवाला..मेरा बजरंग बाला
भगतों का रखवाला..

कहीं मेंहदीपुर वाला ,कहीं सालासर वाला
कोई कहता तुझको अंजनी का लाला रे
राम का दीवाना है,सारे जग ने जाना है
राम के धुन पे बाला है मतवाला रे
सीने में राम बसाके,श्री राम प्रभु के आगे
ये पाँव में घुंघरू बांधे,फिर छम छम करके नाचे..नाचे ...ए नाचे..
अपना सालासर वाला,बाबा बड़ा दिलवाला
बजरंगी..भगतों का रखवाला..मेरा बजरंग बाला
भगतों का रखवाला..

आजा तू आजा प्यारे,बाबा की महिमा गाले
सालासर वाले का दरबार निराला रे
बाबा की किरपा होगी,खुशियों की वर्षा होगी
खुल जायेगा तेरी किस्मत का ताला रे
बाबा का दर है सच्चा,पल पल ये देता पर्चा
घर घर में जाके देखो,है बालाजी की चर्चा..चर्चा..हे चर्चा..
अपना सालासर वाला,बाबा बड़ा दिलवाला
बजरंगी..भगतों का रखवाला..मेरा बजरंग बाला
भगतों का रखवाला..

ये राज दिलो पे करता है सालासर हनुमान मेरा
भगतों की झोली भरता है मेंहदीपुर हनुमान मेरा
बजरंगबली के जैसा ना कोई देव मिलेगा

तुम जय श्री राम कहोगे,ये बेड़ा पार करेगा
अपना सालासर वाला,बाबा बड़ा दिलवाला
अपना मेंहदीपुर वाला ,बाबा बड़ा दिलवाला
बजरंगी..भगतों का रखवाला..मेरा बजरंग बाला
भगतों का रखवाला..

संपर्क - +919831258090

स्वर : सौरभ मधुकर

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/824/title/apna-salasar-wala-baba-bada-dilwala-salasar-balaji-bhajan-lyrics

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |